**बिहार सरकार**
**स्वास्थ्य विभाग**

**अधिसूचना**

**सं0सं0–9/आ0–04–08/2024(स्वा0)............................/ पटना, दिनांकः–.......................................**

डा0 सुधाशु कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, लखीसराय के विरूद्ध जिला पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा दिनांक–10.08.2024 को संस्थान के औचक निरीक्षण मे दिनांक–10.08.2024 को अग्रिम उपस्थिति दर्ज कर कर्त्तव्य पर अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित किया गया।

**2.** विभागीय ज्ञापन सं0–1071(9) दिनाक–25.10.2024 द्वारा डा0 कुमार से आरोप–पत्र गठित कर स्पष्टीकरण की मॉग की गयी।

**3.** डा0 कुमार द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित कर अवगत कराया गया है कि उक्त तिथि को उनका कर्त्तव्य SNCU मे रात्रि 08:00 बजे से अगली तिथि के सुबह 08.00 बजे तक निर्धारित था। उनके द्वारा रात्रि मे SNCU में भर्ती मरीज का ईलाज किया गया है।

**4.** विभागीय पत्रांक–95(9) दिनांक–27.01.2025 द्वारा डा0 कुमार के स्पष्टीकरण पर सिविल सर्जन, लखीसराय से मतव्य की मॉग की गयी। तदालोक मे सिविल सर्जन, लखीसराय के पत्रांक–357 दिनांक–11.03.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि डा0 कुमार द्वारा दिनांक–10.08.2024 को निर्धारित कार्य तालिका के अनुसार SNCU मे कार्य किया गया है।

**5.** अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा डा0 कुमार के विरूद्ध गठित आरोप–पत्र एवं उनसे प्राप्त प्रत्युत्तर की सम्यक समीक्षा की गयी। सम्यक समीक्षोपरांत पाया गया कि डा0 कुमार द्वारा निर्धारित कर्त्तव्य का निर्वहन किया गया है।

6. फलत. डा0 कुमार को अग्रिम उपस्थिति दर्ज कर कर्त्तव्य पर अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप से मुक्त करने का विनिश्चय किया गया है।।

**7.** अतएव डा0 सुधाशु कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, लखीसराय के विरूद्ध दिनांक–10.08.2024 को अग्रिम उपस्थिति दर्ज कर कर्त्तव्य पर अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप से मुक्त किया जाता है।

**8.** इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**
**ह0/–**
**(उपेन्द्र राम)**
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांकः–9/आ0–04–08/2024(स्वा0)**....936(9)..../**पटना, दिनांकः–**...23.7.25...

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार (ले० एवं ह0) बिहार पटना/प्रभारी वित्त (वै0 दा0 नि0 को0) विभाग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, लखीसराय/संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाये, मुंगेर प्रमडल, मुंगेर/सिविल सर्जन, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय स्वास्थ मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐ, बिहार, पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/2025

(15)

**प्रतिलिपि**–डा0 सुधाशु कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, लखीसराय को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–प्रशाखा पदाधिकारी 2, 3, 7, 8, 10, 17 एव 18A को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई0टी0 मैनेजर, स्वा0 विभाग को विभागीय वेबसाइट मे प्रकाशनार्थ प्रेषित।

23/07/2025

**सरकार के अवर सचिव।**